हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 7 जून 2025

## बकरा ईद से पहले पुलिस की सख्त कार्रवाई

### गोवंश तस्करी के लिए कुख्यात 7 आरोपी 15 दिनों के लिए शहर से तड़ीपार

**नागपुर.**

ईद-उल-अजहा के मद्देनज़र नागपुर पुलिस ने गोवंश की अवैध तस्करी, कटाई और गोमांस बिक्री में संलिप्त पाये गए 7 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को 15 दिनों के लिए नागपुर शहर की हद्द से बाहर कर दिया है। यह कार्रवाई नागपुर के सदर पुलिस थाने की ओर से की गई है। पुलिस जांच के अनुसार, ये सभी आरोपी पूर्व में भी गोवंश से संबंधित अपराधों में लिप्त पाये गए थे और उनके खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। पिछले साल इन्हें 6 महीने के लिए तड़ीपार किया गया था, लेकिन इस बार ईद-उल-अजहा जैसे संवेदनशील मौके पर दोबारा अपराध की आशंका को देखते हुए फिर से यह कदम उठाया गया है। तड़ीपार किये गए आरोपियों, में तनवीर कुरेशी (34), मोहम्मद इरशाद उर्फ बादशाह कुरेशी (44), साहेब उर्फ शोबी बुर कुरेशी, मोहम्मद इमरान जहिर कुरेशी (35), राहील कुरेशी उर्फ छोटू कुरेशी (36), आसीब कुरेशी (36) और सरफराज हक अब्दुल हक(35) सभी गडीगोदाम, सदर निवासी का समावेश है। पुलिस का कहना है कि इनकी हरकतों से इलाके में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया था। सदर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनीष ठाकरे, सहायक निरीक्षक नरेंद्र तायडे, और उपनिरीक्षक निलेश घोगरे सहित उनकी टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सभी आरोपियों को धारा 170 (1) भा.ना.सु.सं के तहत गिरफ़्तार कर, 170 (2) के तहत प्रतिवेदन बनाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 15 दिनों के लिए तड़ीपार करने का आदेश मिला। नागपुर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि ये आरोपी शहर की सीमा में दिखाई दें, तो तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष (112) या सदर पुलिस स्टेशन के नंबर 0712 -2562 707, 252 1200, 256 6619 पर सूचना दें।

# मुरादपुर लिफ्ट सिंचाई योजना किसानों को समर्पित

### सौर ऊर्जा से होगी सिंचाई, नितिन गडकरी ने जताया भरोसा, योजना बनेगी किसानों के लिए वरदान

**नागपुर.**






किसानों के लिए पानी एक अहम मुद्दा है। अगर उन्हें नियमित पानी मिले तो न सिर्फ खेती की समस्या हल होगी बल्कि गांव की समग्र समस्याएं भी हल हो जाएंगी। मुरादपुर लिफ्ट सिंचाई योजना आज से लोगों की सेवा में समर्पित हो गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भरोसा जताया कि सौर ऊर्जा से चलने वाली यह लिफ्ट सिंचाई योजना इस क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी।

उमरेड़ तालुका में वेना नदी पर बने वडगांव जलाशय पर सौर ऊर्जा से संचालित मुरादपुर लिफ्ट सिंचाई योजना का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया। इस अवसर पर सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधायक संजय मेश्राम समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। गडकरी ने बताया कि इस योजना से किसानों को दो से तीन फसलें लेने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। 53% आदिवासी आबादी वाले इस पिछड़े क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के उद्देश्य से यह योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस पानी से किसान की आय दोगुनी हो जाएगी। जन कल्याण समिति को नकदी फसलें जैसे गन्ना, मक्का और चावल लगाकर लाभ कमाने पर ध्यान देने की जरूरत है। किसान को अच्छा मूल्य मिलना चाहिए। उसके उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। वह अपना विकास कर सके, यही इसके पीछे का उद्देश्य है, उन्होंने यह भी बताया।

**अब किसान उत्पादक कंपनी बनाएं :** किसानों को पानी मिल गया है, अब किसान उत्पादक कंपनी बनाएं, यह अपील गडकरी ने की है। एक ट्रैक्टर लें और एक ट्रैक्टर से पूरे गांव की थ्रेसिंग करें। ड्रोन से छिड़काव करें। इससे प्रति एकड़ पांच से छह हजार रुपये की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर तकनीक का इस्तेमाल करके खेती की जाए तो उत्पादन बढ़ेगा और लाभ भी बढ़ेगा।

**जल्द ही स्मार्ट गांव :** 100 करोड़ रुपये की लागत से दस एकड़ जमीन पर स्मार्ट गांव बनाने का काम शुरू किया गया है। इस परियोजना का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा। 400 लोगों ने घरों के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। इसमें एक हजार लोगों को हम घर उपलब्ध कराएंगे। 450 वर्ग फीट के घर, सीमेंट की सड़कें, जीवन भर मुफ्त पानी और बिजली देने का प्रयास है। खेल का मैदान और उद्यान भी होगा, ऐसा गडकरी ने बताया।

**यह है उपसा सिंचाई योजना :** इस परियोजना में वडगांव बांध से पानी को जैकवेल से पंप द्वारा उठाया जाएगा और एम.एस. पाइपलाइन के माध्यम से डिलीवरी चैंबर-1 तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद, पानी को डिलीवरी चैंबर नंबर-1 से डिलीवरी चैंबर नंबर-2 तक गुरुत्वाकर्षण द्वारा पहुंचाया जाएगा। पानी के डिलीवरी चैंबर नंबर-1 और डिलीवरी चैंबर नंबर-2 में पहुंचने के बाद, डिलीवरी चैंबर नंबर 1 और नंबर 2 पर स्थापित 20 एचपी पंप के माध्यम से कृषि के लिए ड्रिप सिंचाई की जाएगी। इससे 465 एकड़ कृषि भूमि को बारहमासी पानी मिलेगा।

गांव में 465 एकड़ कृषि भूमि के लिए वडगांव जलाशय से बारहमासी पानी उठाया जाएगा। इस परियोजना में 270 केवीए क्षमता के फ्लोटिंग सौर ऊर्जा पैनल हैं। ये सौर पैनल प्रतिदिन लगभग 1080 यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करेंगे। उत्पन्न ऊर्जा से परियोजना पर सभी पंप और बिजली के उपकरण मुफ्त में चलेंगे।

#### मुरादपुर उपसा सिंचाई योजना की विशेषताएं

- रामा बांध के जलाशय में तैरते सौर पैनल
- प्रत्येक क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई सुविधा
- एक नियंत्रण कक्ष से पूरे क्षेत्र में पानी का वितरण
- जल उपयोग संगठन से पूरी परियोजना का नियंत्रण
- सौर पैनलों के माध्यम से बिजली पैदा की जाएगी और चूंकि यह एमएसईबी से जुड़ा होगा, इसलिए योजना पर बिजली बिल का बोझ कम होगा
- मुरादपुर परियोजना के माध्यम से पानी बढ़ाकर किसान ड्रिप सिंचाई के माध्यम से कृषि के लिए पानी का उपयोग कर सकेंगे।

## पुलिस ने 20 खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को किए सुपुर्द

**नागपुर.** पांचपावली पुलिस की टीम ने 20 गुम हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए गए। थाना क्षेत्र में नागरिकों ने मोबाइल गुम होने की दर्ज की, शिकायतों पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी जांच और लोकेशन ट्रैकिंग के माध्यम से इन मोबाइलों का पता लगाया। इस अभियान के तहत कुल 2,49,000 रुपये मूल्य के विभिन्न कंपनियों और मॉडलों के मोबाइल फोन बरामद किए गए। आज 5 जून 2025 को, लकड़गंज विभाग की सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता खाडे के हाथों मोबाइल फोन असली मालिकों को सौंपे गए।

इस कार्य में पुलिस हवलदार विशाल सांगोडे, पु.आं. नितीन लोखंडे, आशिष पाटील, कमलकिशोर चव्हाण, विशाल भाकरे तथा महिला पुलिस हवलदार हर्षलता गजभिये ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने मोबाइल फोन वापस पाकर नागरिकों ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया और उनके कार्य की प्रशंसा की।

## सीजीओ बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

### जांच के बाद निकली अफवाह, पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के ऑफिस को मिला धमकी भरा मेल

**नागपुर.**

शहर के गिट्टीखदान थाना क्षेत्र स्थित सीजीओ बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को कुछ समय के लिए शहर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह धमकी पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) के ऑफिस को ईमेल के जरिए प्राप्त हुई थी। मेल में लिखा था कि दोपहर 2:30 बजे तक सीजीओ परिसर को बम से उड़ा दिया जाएगा। यह मेल मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। गिट्टीखदान पुलिस, बम शोधन और नाशक पथक ने मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर को घेर लिया और सघन जांच शुरू कर दी। सीजीओ बिल्डिंग में पीईएसओ के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थित हैं। धमकी की सूचना मिलते ही पांचवीं मंजिल, जहां पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन का कार्यालय है, को विशेष रूप से सुरक्षा घेरे में लिया गया। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए बिल्डिंग में कामकाज रुका और कर्मचारियों में भय और चिंता का माहौल बन गया। बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड ने पूरी इमारत की गहन जांच की। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिससे पुलिस और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल को अलर्ट कर दिया है। संबंधित ईमेल की ट्रेसिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी तक पहुंचा जाएगा। धमकी के चलते सीजीओ बिल्डिंग में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया था, लेकिन पुलिस और बम निरोधक दस्ते की मुस्तैदी से स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया।

## सिंबायसिस कॉलेज के पास बार में हंगामा

### कुख्यात बदमाश का नाम लेकर धमकाने पर केस दर्ज

**नागपुर.**

वाठोड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार रात उस समय तनाव निर्माण हो गया जब सिंबायसिस कॉलेज के पास स्थित एक बार में असामाजिक तत्वों ने हंगामा खड़ा कर दिया। यह घटना रिगल बार में घटी, जिसका संचालन मुकुल माकड़े ने किया। घटना के अनुसार, प्रशांत कामड़ी नामक युवक अपने कुछ साथियों के साथ बार में आया था। बार के सामने लघुशंका करने को लेकर उसका बार मालिक माकड़े से विवाद हो गया। इसके बाद प्रशांत ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और बार के मालिक एवं बावर्ची के साथ गालीगलौज और धमकाने जैसी हरकतें शुरू कर दीं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब प्रशांत के साथियों ने कुख्यात अपराधी संतोष आंबेकर के भांजे का नाम लेकर धमकी देना शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वाठोड़ा पुलिस, वरिष्ठ अधिकारी और क्राइम ब्रांच की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। बार में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर घटना की पुष्टि हुई। पुलिस ने बार मालिक मुकुल माकड़े की शिकायत के आधार पर प्रशांत कामड़ी और उसके साथियों के खिलाफ धमकी देने और शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## तुकडोजी चौक के पास पिकअप से टकराई बाइक

### दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार

### हादसे में दो युवकों की मौत



**नागपुर.** अजनी थानाक्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दुपहिया सवार दो युवकों की मौत हो गई। तुकडोजी चौक पुतला के पास हुए इस हादसे में सड़क से पलट रही एक पिकअप गाड़ी के बीचों बीच ये दोनों दुपहिया सवार जा भिड़े थे जिसके चलते गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी मौत हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

अजनी पुलिस थाने के तुकडोजी पुतला चौक के पास मानेवाड़ा रोड की तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बीती रात करीब 12:45 बजे यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय नितिन राजेन्द्र कटरे और 17 वर्षीय कोमल भगवती यादव दोनों भगवती नगर, कलमना निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों युवक कैटरिंग का काम करते हैं और बीती रात काम खत्म होने दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार के बाद अपनी पल्सर गाड़ी क्रमांक एम एच 46 सीपी 0482 से घर जा रहे थे। तुकडोजी चौक के पास एक पिकअप गाड़ी मानेवाड़ा रोड की तरफ टर्न ले रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार गति से आए ये दोनों युवक सड़क के बीचों बीच पिकअप गाड़ी से जा टकराये। इस दुर्घटना में गाड़ी का चालक मौके से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। हालांकि बाद में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को लोगों ने इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया जहां इलाज के दौरान ही दोनों की मौत हो गई। यह घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद पिकअप गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है।

## 238 गौवंश को कत्लखाने ले जाने से बचाया

### > 5 आरोपियों पर मामला दर्ज

**नागपुर.**



जूनी कामठी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 238 गौवंश को अवैध रूप से कत्लखाने ले जाने से बचा लिया। इन गौवंश की कुल अनुमानित कीमत 23.80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 8 बजे जूनी कामठी पुलिस को सूचना मिली कि गांधीनगर के भाजीमंडी क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में बड़ी संख्या में गौवंश को कैद कर रखा गया है। सभी पशुओं को अवैध रूप से कत्लखाने ले जाकर उनका मांस बेचे जाने की योजना थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए जूनी कामठी पुलिस ने नवीन कामठी, पारडी और कलमना पुलिस से तत्काल सहायता मांगी। संयुक्त कार्रवाई के तहत जब पुलिस दल ने गोदाम पर छापा मारा, तो वहां की स्थिति देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। गोदाम के अंदर 238 छोटे-बड़े गौवंश बुरी हालत में बंद थे। कई पशुओं को कई दिनों से भूखा रखा गया था और कुछ के पैर भी तोड़ दिए गए थे ताकि वे जल्दी मर जाएं। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गोदाम और गौवंश नब्बु वजीर कुरैशी, साजिद कुतूब कुरैशी, जुबेर अल्ताब कुरैशी, फैय्याज सत्तार कुरैशी और आसिफ कुरैशी के कब्जे में थे।

सभी आरोपी नागपुर के निवासी हैं। फिलहाल, सभी गौवंशों को लुंबिनी नगर स्थित गौशाला में सुरक्षित भेज दिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है, ताकि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके।

## पांचपावली पुलिस ने चोर गैंग का किया भांडाफोड़

### 3 नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार 10.15 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**



पांचपावली पुलिस थाना अंतर्गत बुध्दनगर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना की जांच करते हुए एक सक्रिय चोर गिरोह का पुलिस ने भांडाफोड़ किया है। इस गिरोह में एक युवक समेत तीन नाबालिग शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में म्हाडा कॉलोनी, जरीपटका निवासी गौरव राजेन्द्र राठौड़ (20) का नाम प्रमुख है। पुलिस ने इनके पास से 9 चोरी की दोपहिया वाहन, सोने-चांदी के गहने और नकदी मिलाकर कुल 10.15 लाख रुपये का माल जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, बुध्दनगर निवासी नितुजा शेखर मंडपे (38) की पड़ोसी उज्वला वारके 8 मई को अपने परिवार के साथ अमेरिका गई थीं और घर में ताला लगा था।

31 मई को मंडपे का बेटा जब उनके घर पेड़ों को पानी देने गया, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। तुरंत पाचपावली पुलिस को सूचना दी गई। जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपियों ने घर में घुसकर 10,000 रुपये नकद और अन्य सामान की चोरी की थी। घर में काफी उथल-पुथल मचाई गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान लष्करीबाग में साखरे लाइब्रेरी के पास एक संदिग्ध युवक को दोपहिया वाहन (एमएच46/सीजी -0351) के साथ रोका गया। पूछताछ में उसने वाहन चोरी की बात कबूल की और बताया कि उसने यह बाइक आसीनगर चौक के पास एक होटल के सामने से 3 दिन पहले चोरी की थी।

सख्त पूछताछ में उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 2,000 नकद, सोने-चांदी के गहने और 9 दोपहिया वाहन जब्त किए। यह वाहन पाचपावली, सोनेगांव, हुड़केश्वर, धंतोली, अजनी, बजाजनगर, कोराडी और सदर थानाक्षेत्र से चोरी किए गए थे। पुलिस की इस कार्रवाई में कुल 10.15 लाख का माल बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए सभी आरोपियों का पुराना अपराधिक रिकॉर्ड है और ये सभी मौज मस्ती के लिए शहर में चोरी की इन वारदातों को अंजाम दे रहे थे। आगे की जांच जारी है।

## शहर में स्थापित होगी बीएसएल-3 लैब

### > संक्रामक रोगों की जांच स्थानीय स्तर पर संभव

**नागपुर.**




किसी भी संक्रामक रोग और महामारी से संबंधित सैंपलों की जांच अब नागपुर में ही होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नागपुर में जोखिम भरी संक्रामक बीमारियों के सैंपलों की जांच की जाएगी। जांच के लिए यहां अत्याधुनिक बीएसएल-3 लैब की स्थापना की जाएगी। स्थापना के लिए नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) नई दिल्ली के साथ हाल ही में समझौता करार हुआ है। वर्तमान में ऐसी प्रयोगशाला एनआईवी (नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ वायरालॉजी) पुणे में है।

**पुणे के बाद राज्य का दूसरा संस्थान :** यह करार प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन अंतर्गत हुआ है। करार के अनुसार एम्स में अत्याधुनिक बायो सेफ्टी लेवल थ्री (बीएसएल-3) लेबोरेटरी का निर्माण किया जाएगा। एम्स महाराष्ट्र का दूसरा चिकित्सा संस्थान होगा, जहां यह लैब सुविधा उपलब्ध होगी।

**4 राज्यों को मिलेगा लाभ :** बीएसएल-3 योजना की प्रभारी एम्स की सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ. मीना मिश्रा ने बताया कि इस लैब में जोखिम वाले संक्रामक रोग जैसे हिपेटाइटिस, इन्फ्लूएंजा, डेंगू, चिकनगुनिया, कोविड जैसी संक्रामक बीमारियों के सैंपलों की जांच की जाएगी। इस लैब का लाभ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि राज्यों को मिलेगा।

#### हाईटेक सुविधाएं

बीएसएल-3 लैब हाईटेक सुविधाओं से परिपूर्ण व सुरक्षित होगी। यहां बर्ड फ्लू, जीका, निपाह, जापानी इंसेफेलाइटिस और बायोटेररिज्म से जुड़े कारकों की भी पहचान की जाएगी। एनसीडीसी ने इस लैब के निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें 25 करोड़ रुपए इमारत निर्माण व व जरूरी सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। 5 करोड़ रुपए उपकरणों, डायग्नोस्टिक किट्स और अन्य आवश्यक सामग्रियों पर खर्च किये जाएंगे।

## 346 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**नागपुर.**



यशोधरानगर थानाक्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 346 ग्राम गांजा के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रवेशनगर निवासी गणेश उर्फ बांगो संतोष धकाते (28) के रूप में हुई है। उसका एक साथी शेख ईकराम शेख मुस्ताक (25) फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 7:03 बजे यशोधरानगर पुलिस का गश्ती दल प्रवेश नगर स्थित समता भवन के पास गश्त कर रहा था। तभी पुलिस को एक युवक सफेद रंग की पालीथीन लेकर संदिग्ध रूप में जाते हुए दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक की पालीथीन से 346 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 9000 बताई गई है। पूछताछ में गणेश ने बताया कि यह गांजा ईकराम से बेचने के लिए लिया गया था। पुलिस ने गणेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार आरोपी ईकराम की तलाश में पुलिस ने छापेमारी की । आगे की जांच जारी है।

CMYK

# कोंढाली क्षेत्र के एनएच-53 पर स्ट्रीट लाइट परियोजना अधर में, नागरिकों में रोष

## > बिजली कनेक्शन और विभागीय समन्वय के अभाव में लाइटें अब तक शुरू नहीं

**कोंढाली.**

कोंढाली क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 (पूर्व एनएच-06) पर स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। लगभग दो महीने पहले खंभे स्थापित कर दिए गए थे, लेकिन बिजली विभाग और राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण के बीच समन्वय की कमी के कारण अब तक इन लाइटों को चालू नहीं किया गया है।

नागपुर (वाड़ी) से कोंढाली तक 43 किलोमीटर लंबे फोरलेन राजमार्ग का निर्माण सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत अटलांटा रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी और बालाजी टोलवेज द्वारा किया गया है। कोंढाली नगर पंचायत सीमा क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा कुछ स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं, लेकिन नगर के आधे हिस्से में अभी तक खंभे भी नहीं



लगाए गए हैं।

**स्थानीय नागरिकों की मांग :** स्थानिक नागरिकों ने मांग की है कि कोंढाली नगर पंचायत सीमा के भीतर किलोमीटर स्टोन संख्या 50 तक स्ट्रीट लाइट poles लगाए जाएं और उन्हें बिजली आपूर्ति भी दी जाए। वर्तमान में जाम नदी पुलिया से कोंढाली पेट्रोल पंप तक केवल 12 लाइट पोल लगाए गए हैं, जबकि पेट्रोल पंप से सोनेगांव तक करीब 16 पोल लगाने बाकी हैं।

**खंभे हैं, पर बिजली नहीं :** दुधाला से पेट्रोल पंप तक पिछले पांच महीनों से स्ट्रीट लाइट के खंभे खड़े हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण लाइटें नहीं जल रही हैं।

**अधिकारी क्या कहते हैं? :** एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ढगे ने बताया कि जितने हिस्से में खंभे लगाए गए हैं, सिर्फ वहीं तक की मंजूरी थी। आगे के हिस्से के लिए अनुमति मांगी गई है। वहीं, बिजली वितरण विभाग के अधिकारी प्रणव कुरेवार ने बताया कि कोंढाली से बाजारगांव तक के हिस्से को बिजली आपूर्ति की मंजूरी दे दी गई है। दोनों विभागों के अनुसार, संबंधित नियमों का पालन किया गया है और बिजली आपूर्ति की स्वीकृति मिल गई है, लेकिन लाइटें अब तक शुरू नहीं हुई हैं।

**जनप्रतिनिधियों की मांग :** स्थानीय समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों दुर्गाप्रसाद पांडे, स्वप्निल व्यास, संजय राऊत, नितिन ठवले, कमलेश गुप्ता, याकूब पठाण, बबलू बिसेन, अंसार बेग, अरुण खोडणकर, सुरेंद्र कुर्वे, और अन्य ने मांग की है कि बिजली विभाग और एनएचएआई आपसी समन्वय से जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों को शुरू करें। जनता की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और रात्रि समय में रोशनी की आवश्यकता को देखते हुए संबंधित विभागों से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है.

# विदर्भस्तरीय स्केटिंग स्पर्धा में उमरेड के स्केटर्स ने जीते 16 मेडल्स

## 6 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल के साथ किया उमरेड का नाम रोशन

**नागपुर/उमरेड.**

रोलर स्पोर्ट्स कोचेस असोसिएशन नागपुर द्वारा हाल ही में नंदनवन स्थित स्केटिंग मैदान पर आयोजित भव्य विदर्भ स्तरीय स्केटिंग स्पर्धा में उमरेड स्केटिंग अकॅडमी के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन कर कुल 16 पदक जीतकर उमरेड का गौरव बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता में विदर्भ के नागपुर शहर, नागपुर ग्रामीण, उमरेड, सावनेर, काटोल, कलमेश्वर, चंद्रपुर, चिमूर, हिंगणा, अचलपुर, मौदा आदि क्षेत्रों से 500 से अधिक स्केटर्स ने हिस्सा लिया। इन सबके बीच उमरेड स्केटिंग अकॅडमी के खिलाड़ियों ने 6 सुवर्ण (गोल्ड), 4 रजत (सिल्वर) और 6 कास्य (ब्रॉन्ज) पदक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

उमरेड स्केटिंग अकॅडमी के पदक विजेता:

सुवर्ण पदक विजेता (गोल्ड): रूची रवींद्र मिसाल, प्रभास रवींद्र मिसाल, रिधिमा राहुल पौनीकर,



धनंजय जयकमल वारजूरकर, चारवी अरुण घडले, ओम दिनेश बोरकर

रजत पदक विजेता (सिल्वर): विरांश वैभव वैद्य, विहान श्याम जयस्वाल, सांज बंधू गुप्ता, लोकेश शेषराव भुसारी

कास्य पदक विजेता (ब्रॉन्ज): रौनक राहुल पौनीकर, परिणीती विक्की श्रीवास्तव, समर लोकेश झोडे, विशृथ अरुण घडले, कौस्तुभ विनोद जीवतोडे, सिमरन प्रवीण ठाकरे। इन सभी खिलाड़ियों ने कोच रवींद्र रा. मिसाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। रवींद्र मिसाल स्वयं एक इंटरनॅशनल स्केटर हैं और उन्हें वर्ष 2023 में "मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय क्रीड़ा स्वर्ण लक्ष पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है।

सभी विजेता स्केटर्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच रवींद्र मिसाल को दिया है। उमरेड स्केटिंग अकॅडमी की इस शानदार सफलता ने न केवल उमरेड का नाम रोशन किया है, बल्कि आनेवाले समय में और अधिक उपलब्धियों की उम्मीद भी जगा दी है।

# चिचोली (खापरखेडा) ग्राम पंचायत में शिवराज्याभिषेक दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

## > ग्रामवासियों ने भक्ति और देशभक्ति के माहौल में मनाया ऐतिहासिक पर्व

**खापरखेडा.**

चिचोली (खापरखेडा) ग्राम पंचायत में छत्रपति शिवाजी महाराज के शिवराज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और पारंपरिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्रामवासियों ने भारी उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभाग लिया, जिससे पूरे गांव में भक्ति और देशभक्ति का वातावरण निर्मित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत शिवराज्याभिषेक की प्रतीक गुढी (ध्वज) की स्थापना से हुई, जो महाराज के शौर्य, पराक्रम और स्वराज्य की भावना का प्रतीक मानी जाती है। इसके पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन और दीप प्रज्वलन किया गया।

ग्राम पंचायत की ओर से शिवराज्याभिषेक की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही, देशभक्ति गीतों और नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में गांव के प्रतिष्ठित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से गांव में एकता, स्वाभिमान और गर्व का वातावरण सृजित हुआ, ऐसा भाव



ग्रामवासियों ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच मिनाक्षी तागडे, उपसरपंच हेमराज परिहार, ग्राम पंचायत सदस्य अजय सहारे, पंकज गजभिये, तथा कर्मचारी धीरज पौनिकर, रमेश चापले, नरेन्द्र डवरे, धीरज दुबे, अनिकेत नगरारे, राजू धुर्वे एवं स्थानिक नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

# हर्षोल्लास से मनाया गया एस. क्यु. जमा अमृत महोत्सव

## > मेधावी विद्यार्थियों व समर फुटबॉल कैंप खिलाड़ियों का हुआ सत्कार

**कामठी.**

पूर्व विधयक एस. क्यु. जमा अमृत महोत्सव समिति कामठी की ओर से 2 जून को स्थानीय ग्रीन लीफ गार्डन लॉन कलमना रोड रनाला कामठी में शाम को एस.क्यु. जमा अमृत महोत्सव समापन समारोह व मेधावी विद्यार्थियों एवं समर फुटबॉल कैंप के फुटबॉल खिलाड़ियों का सत्कार कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शरफुद्दीन साहिल की अध्यक्षता में उद्घाटन के रूप में हुकमचंद आमधरे व स्मरणिका कर्मठवीर का विमोचन अब्दुल राऊ शेख प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे, पूर्व मंत्री अनीस अहमद, मौलाना अंसार अली हिंदी, परवेज इकबाल सिद्दीकी, सरफराज शेख कुरैशी, अब्दुल वदूद अजनबी आदि की उपस्थिति में पूर्व विधायक और मजदूर संघर्ष योद्धा हृदय सम्राट एस. क्यू. जमा का भव्य नागरिक सत्कार कर एस. क्यु. जमा अमृत महोत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया।

प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. मोहम्मद रफीक ए.एस. ने एस. क्यु. जमा की उर्दू साहित्य में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपने उर्दू कार्यक्रम को आकाशवाणी पर प्रसारित कराने में अपना राजनीतिक जीवन दांव पर लगाकर उर्दू कार्यक्रम में प्रारंभ कराया। दूसरे वक्ता के रूप में डॉ. युगल जे. रायलु के न्याय योद्धा के रूप में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक कार्यशाला में भाग लेने वाला देश का पहला व्यक्ति बताया। प्रमुख अतिथि के रूप में ऍड. सुलेखा कुंभारे ने एस.क्यू.जमा को बड़ा भाई बताते हुए कहा कि उन्होंने मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष व सत्य निष्ठा से पूरा जीवन संघर्ष करते आ रहे हैं, और विशेष तौर पर कामठी नागपुर विभाग के सैकड़ो युवाओं को कोयला खदान में रोजगार का अवसर प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई




है। कार्यक्रम दौरान सत्कार मूर्ति एस. क्यु. जमा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कामठी मेरी कर्मभूमि है और मैं 55 वर्षों से कामठी की गलियों में घूम कर आज 75 वर्ष पूर्ण होने पर भी मैं मजदूरों व जनहित सेवा का कार्य कर रहा हूं। आज मेरे अमृत महोत्सव पर कामठी नागपुर की जनता ने अनेक सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक, खेलकूद संगठनों विशेष रूप से कामठी कोलफील्ड के कर्मचारी आदि ने जो स्नेह व प्रेम दर्शाया है इसे मुझे और अधिक गति से कार्य करने का बल मिला है और मैं अंतिम जीवन तक यह कार्य करता रहूं ऐसी अल्लाह से प्रार्थना करता हूं और आप सभी का हृदय से आभारी हूं । वहीं डॉ. शरफुद्दीन साहिल ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि एस.क्यू. जमा की अंग्रेजी हिंदी उर्दू भाषा शैली बातचीत में पत्र व्यवहार की लेखन शैली में जो मिठास है उसके माध्यम से आप बड़े-बड़े नेताओं, मंत्रियों व प्रशासकीय अधिकारियों को आकर्षित करा कर सैकड़ो लोगों को लाभ पहुंचाया है और सभी धर्मो ने मानव सेवा को उत्तम सेवा बताया है जमा साहब उसी पर अमलबजावनी करते हुए पूरा जीवन संघर्ष करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन शाहजहां हैदरी ने अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू , मराठी भाषा का उपयोग करते हुए सभी लोगों को आकर्षित किया आभार प्रदर्शन हकीम तलत अंसारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष, रब्बानी क्लब अध्यक्ष, हिन्दू मुस्लिम सर्वधर्म एकता मंच अध्यक्ष अहफाज़ अहमद ठेकेदार, कमाल अख्तर सलाम, अनवारूल हक पटेल, अतिकुर रहमान आरिफ पटेल, रियाज अहमद, परवेज अहमद याकूबी, मोहम्मद शहजाद पटेल, मकसूद अहमद आदि ने कड़ी मेहनत किए।

# शिवराज्याभिषेक दिवस पर वाडी में भव्य आरोग्य व रक्तदान शिविर का आयोजन

## 101 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 34 शिवभक्तों ने किया रक्तदान

**वाडी.**

6 जून को छत्रपती शिवाजी महाराज के शिवराज्याभिषेक समारोह के उपलक्ष्य में वाडी स्थित शिवाजी महाराज स्मारक परिसर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल वाडी के तत्वावधान में एक भव्य सामाजिक उपक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह की शुरुआत शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक एवं पूजन-अर्चन से हुई। इसके पश्चात शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क आरोग्य शिविर और अमन ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आरोग्य शिविर में कुल 101 नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ लिया, वहीं 34 शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस सफल उपक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद वाडी के कार्यकर्तागण विशाल जाधव, शुभम डवरे, जितेश गोरडे, रवी अजित, पवन बर्वे, अजय पाटणे, पवन बारबैले, संदीप मानकर, लोकेश जगताप, शिवम राजे, शुभम नाटकर आदि के प्रयासों से किया गया।

कार्यक्रम में वाडी नगरपरिषद की मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अलावा वाडी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक – हर्षल काकडे, अतुल शिंदे, व्यंकटेश बाटवे, अमित हुसनापुरे, रजनीकांत अतकरी, मंगेश खोरगडे, प्राची बारबैले, श्रद्धा जगताप, विधी कोरे, शिवानी मिश्रा, प्राजक्ता सूर्यवंशी, प्राची कांबळे, आचलं गोरे, माधुरी बारबैले, नांदणी ठाकरे, मनस्वी पांडे, करीना गौलकर, प्रणिता क्षीरसागर, साक्षी मून आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शिवराज्याभिषेक दिवस पर सावनेर में भव्य आयोजन, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**सावनेर/मुंबई.**

महाराष्ट्र सरकार के कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मा. मंगल प्रभात लोढ़ा की संकल्पना तथा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 6 जून 2025 को शिवराज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई से मुख्यमंत्री मा. देवेंद्र फडणवीस ने इस समारोह का उद्घाटन किया। यह आयोजन अण्णाजी कुबिटकर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सावनेर सहित राज्य के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारित किया गया।

इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम में शिवचरित्र अभ्यासक एवं व्याख्याता शैलेश ढबाले, वैभव देवघरे, मदन डहाके (प्राचार्य, जवाहर विद्यालय



वाकोड़ी), किशोर धुंडेले (अध्यक्ष, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ), पर्यावरण कार्यकर्ता भूषण कुबड़े सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। वक्ताओं ने स्वदेशी विचार, नागरिक कर्तव्य, शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

आईएमसी अध्यक्ष संजय भोंगे व सदस्य अॅड. मनोज खंगारे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोई 'टाइमपास' की जगह नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो छात्रों को सक्षम उद्यमी बनने की दिशा में अग्रसर करता है। कार्यक्रम में आईएमसी सदस्य सोनू रावसाहेब, वैभव चांडक, अॅड. तेजस कुबितकर आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के प्राचार्य प्रशांत नंदूरकर, समूह निदेशक घ्यार, प्रभारी गटनिदेशक एन.एन. भोयर सहित संकाय व प्रशासनिक कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन के संचालन की जिम्मेदारी आर.के. लोही ने निभाई, जबकि प्रस्तावना प्राचार्य प्रशांत नंदूरकर ने दी और आभार प्रदर्शन घनश्याम कटरे ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिव गर्जना से हुई और समापन राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में शिवराज्याभिषेक की प्रेरणा से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व की भावना जागृत होती दिखाई दी।

# भानेगांव में पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान संपन्न

## युवाओं ने दिखाई हरित पहल

**खापरखेडा.**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नए भानेगांव में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक सराहनीय वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में गांव के जागरूक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए गांव के मार्ग के किनारे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना था।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। वृक्षारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर जनजागरूकता अभियान भी चलाया



गया। सामाजिक कार्यकर्ता कैलास शिंगणे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पर्यावरण दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि "जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और भावी पीढ़ियों को हरित विरासत सौंपने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।"

इस पर्यावरणीय पहल को लेकर गांववासियों द्वारा युवाओं के योगदान की सराहना की जा रही है। विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की प्रमुख विशेषता रही।

# पुलिस ने ईद-उल-अजहा से पहले 238 मवेशियों को दिया जीवनदान





**कामठी.**

ईद-उल-अज़हा से पहले गोवंशीय ख़ेप पर एक बड़ी कार्रवाई में, जूना कामठी पुलिस थाना ने गुरुवार को भाजी मंडी गांधी नगर में अवैध कब्ज़े से करीब 238 मवेशी पशुओं को बचाया। जिनमें विभिन्न गाय, बैल, बछड़े प्रत्येक अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए के हिसाब से कुल 23, 80, 0000 रुपए के गोवंशीय पशु जब्त किए गए। अवैध मवेशी परिवहन और बिना लाइसेंस के वध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई को परिमंडल पांच के डीसीपी निकेतन कदम के आदेशानुसार किया।

विशेष सूचना के आधार पर, जूना कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमाड़े और नवीन कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के नेतृत्व में दोनों थाने की टीमों ने भाजी मंडी इलाके के पास छापेमारी की। पुलिस ने पाया कि जानवर क्रूर और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में बंधे हुए थे। छापेमारी के दौरान मवेशियों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई वाहन भी जब्त किए गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब्त किए गए। गोदाम मालिक और मकान मालिकों में नब्बू वज़ीर कुरैशी, साजिद कुतुब कुरैशी, जुबैर अल्ताफ कुरैशी, आसिफ कुरैशी पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और संबंधित आईपीसी धाराओं में 5(ब), 9(अ), 11(1)(ह), 11(1)(क), 11(1) (आय), 11(1)(ड) के तहत मामला दर्ज किया। यह बड़े पैमाने पर बचाव अभियान ईद-उल-अज़हा के दौरान पुलिस द्वारा बढ़ाई गई निगरानी के मद्देनजर चलाया गया है, यह वह समय है जब अवैध मवेशी तस्करी में आम तौर पर वृद्धि देखी जाती है।

ज्ञात हो कि पुलिस आयुक्त डॉ. रविन्द्र कुमार सिंघल के नेतृत्व में शहर की पुलिस ने नागपुर और इसके बाहरी इलाकों में अवैध पशु परिवहन और वध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# वाडी में समाधान शिविर का सफल आयोजन

## नागरिकों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ, प्रशासन को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद





**वाडी.**

महाराष्ट्र शासन के महसूल विभाग और तहसील कार्यालय नागपुर ग्रामीण की ओर से 'छत्रपती शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान शिविर अभियान' के अंतर्गत विशेष महसूल समाधान शिविर का आयोजन गुरुवार, 5 जून को नगर परिषद कार्यालय, वाडी में किया गया। यह शिविर पूर्ण रूप से सफल रहा और नागरिकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर वाडी नगर परिषद की मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे, तहसीलदार दिनेश हटवार, उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे, मंडल अधिकारी सुभाष झाडे, तलाठी किशोर शिवणकर, अनिल बागल, संकेत बांबोडे समेत कई मान्यवरों की उपस्थिति रही। शिविर में नागरिकों को सेतू विभाग की ओर से आय प्रमाणपत्र, अधिवास प्रमाणपत्र, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, संजय गांधी निराधार योजना, क्रिमिलियर-नॉन क्रिमिलियर प्रमाणपत्र जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही महसूल विभाग और नगर परिषद से जुड़े कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया। शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका सकारात्मकता से समाधान किया गया। इस दौरान नगर परिषद के उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे, कर अधिकारी दिनेश बुधे, लेखा परीक्षक अतुल सरदार, लेखाधिकारी अमोल सोनसरे, कर उपनिरीक्षक संदीप तरडे, भारत ढोके, मनोहर वानखेडे, स्वच्छता निरीक्षक धनंजय गौतमारे, आशा वर्कर और आंगनवाड़ी सेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में पूर्व सभापति कल्पना सगदेव, पूर्व नगरसेवक कैलास मंथपुरवार, नरेन्द्र मेंढे, राजुताई भोले सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के उत्कृष्ट आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन का आभार प्रकट किया।

CMYK

# पालकमंत्री आकाश फुंडकर ने ली जिला नियोजन समिति की बैठक

## 374 करोड़ के कामों को दी मंजूरी

**अकोला.**



जिला नियोजन समिति की बैठक में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला वार्षिक योजना के अंतर्गत मार्च के अंत तक 374 करोड़ 21 लाख रुपए के व्यय को मंजूरी दी गई। जिले के समग्र विकास को देखते हुए भविष्य के लिए अधिक से अधिक कार्यों की योजना बनाने और समय पर कार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश राज्य के श्रम मंत्री और जिले के पालकमंत्री आकाश फुंडकर ने इस बैठक में दिए।

बैठक में जिला वार्षिक सामान्य योजना में 270 करोड़ 77 लाख रुपए, अनुसूचित जाति योजना में 87 करोड़ 98 लाख रुपए और आदिवासी योजना में 15 करोड़ 45 लाख रुपए के व्यय को मंजूरी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला वार्षिक सामान्य योजना, अनुसूचित जाति योजना और आदिवासी योजना के अंतर्गत 437 करोड़ 51 लाख रुपए के निधि को मंजूरी दी गई है।

बीज और उर्वरक जैसे कृषि आदानों की बिक्री में लीकेज की बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। इसलिए पालकमंत्री ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे मामले पाए जाने पर सीधे कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

साथ ही, फसल बीमा कंपनी एचडीएफसी एग्रो के खिलाफ पंचनामा की उचित प्रक्रिया पूरी न करने का मामला दर्ज किया गया है और कृषि विभाग इस कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए फर्जी पंचनामा को पुलिस में दर्ज करे और पुलिस इस संबंध में जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, यह भी पालकमंत्री ने निर्देश दिए।

### शक्ति से बननी चाहिए योजना

जिले में विभिन्न एजेंसियों को नियोजन समिति के निधि से किए जाने वाले विकास कार्यों की सख्ती से योजना बनानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्धारित समय के भीतर काम पूरा हो। प्रशासकीय और तकनीकी मंजूरी की प्रक्रिया में देरी नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में पालकमंत्री ने प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# युगांत अर्बन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिवराज्याभिषेक समारोह



**हिंगनघाट.**

छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर युगांत अर्बन हिंगनघाट संस्था में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों से भरपूर शिवराज्याभिषेक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह न सिर्फ श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बना, बल्कि नेतृत्व, प्रबंधन और सामाजिक प्रतिबद्धता का भी उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'शिव गर्जना' के जोशीले उद्घोष से हुई, जिसने वातावरण में उत्साह भर दिया। युगांत अर्बन के अध्यक्ष चेतन ढोरे ने समारोह को संबोधित करते हुए शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा, "शिवराज्याभिषेक केवल एक राजा के राज्यारोहण की घटना नहीं, बल्कि यह स्वराज्य के संस्थागतकरण की प्रक्रिया थी, जिसने लोकतांत्रिक विचारों को मजबूत किया।" संस्थान के उपाध्यक्ष मयूर पाटिल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रशासनिक नीतियों और नेतृत्व शैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रबंधन सोच आज के मॉडर्न मैनेजमेंट कोर्सेज के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा, "महाराज की कार्यप्रणाली, मावलियों से जुड़ाव और दूरदर्शी नीति-निर्माण आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।" समारोह के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारी चंदू फुलकर, स्वीटी राऊत, आकाश धवने, खुशाल झाड़े, अश्विनी नाइक, सुहास जीवनकर, शुभम मुंजेवार और प्रशिक दिवे की अहम भूमिका रही।

इस अवसर पर शेगाव कुंड ग्राम पंचायत के सदस्य नितिनजी भगत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्य शुभम मुंजेवार ने युगांत अर्बन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था केवल वित्तीय सेवाएं देने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को वित्तीय स्वतंत्रता दिलाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य है आम लोगों को उचित ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराना और एफडी-आरडी पर अच्छा रिटर्न देना। यह आयोजन इतिहास, प्रेरणा और समाजसेवा का अद्भुत संगम बनकर उपस्थित जनसमूह के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया।

# अवैध रेत परिवहन पर शिकंजा



**हिंगनघाट.**

तहसीलदार योगेश शिंदे ने स्पष्ट किया है कि अवैध गौण खनिज (रेत) परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी और इसमें किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। 20 मई 2025 को तहसील कार्यालय की टीम ने हिंगणघाट निवासी श्री छोटू दिलीप वानखेड़े (उम्र 32) के ट्रैक्टर को बिना रॉयल्टी के अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा था।

इस पर शासन के नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। इसके बाद 4 जून 2025 को दोपहर करीब 12.30 बजे आरोपी अचानक तहसील कार्यालय पहुंचा और अपने हाथ में डीजल का डिब्बा लेकर आत्मदाह की धमकी देने लगा। आरोपी का कहना था कि उसका ट्रक बार-बार पकड़ा जाता है। इससे पहले कि वह कोई बड़ा कदम उठाता, कार्यालय के कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए डिब्बा छीनकर उसे पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया और उसके विरुद्ध हिंगनघाट थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

तहसीलदार शिंदे ने बताया कि वर्ष 2024-25 में अवैध गौण खनिज परिवहन के मामलों में 100 वाहनों पर कुल 1,44,40,900 (एक करोड़ चौवालीस लाख चालीस हजार नौ सौ रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। वहीं वर्ष 2025-26 के केवल अप्रैल और मई माह में ही 43 वाहनों पर 50,88,100 (पचास लाख आठ हजार एक सौ रुपए) की कार्रवाई की गई है। राजस्व विभाग द्वारा यह कार्यवाही आगे भी शासन के नियमानुसार सख्ती से जारी रखी जाएगी। तहसील प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध खनिज परिवहन से दूर रहें और वैध तरीके से कार्य करें।

# जुनेवानी में पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल


## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त अभियान से ग्रामीणों में जागरूकता

**गोंदिया.**







विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोंदिया जिला परिषद के स्वच्छता एवं जल आपूर्ति विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गंगाझरी अंतर्गत जुनेवानी गांव में विविध जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थित लोगों द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेने से हुई।

इसके बाद प्लास्टिक बंदी, पुनः उपयोग और कचरा प्रबंधन को लेकर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को नाडेप पद्धति से जैविक खाद निर्माण तथा सूखा और गीला कचरा अलग करने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।

**मुख्य आकर्षण:** इस अवसर पर 50 हजार वृक्षों के वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई, जो जुनेवानी सहित आस-पास के क्षेत्रों को हरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों को ओला और सूखा कचरा पृथक करने हेतु कुंडियों का वितरण किया गया, जिससे ग्राम की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

**उल्लेखनीय उपस्थिति:** इस आयोजन में डॉ. तानाजी लोखंडे (अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद गोंदिया), फरेंद्र कुतीरकर (उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी, जल व स्वच्छता विभाग), दिलीप खोटेले (जिला समाज कल्याण अधिकारी), आनंदराव पिंगळे (गट विकास अधिकारी), अश्विनी रविकुमार पटले, वंदना पटले, सोनुभाऊ घरडे, निर्मला मरस्कोल्हे समेत ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम विकास विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, महिला मंडल, युवा वर्ग और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**अभियानों का सहयोग:** यह आयोजन स्वच्छ भारत मिशन और माझी वसुंधरा अभियान के सहयोग से संपन्न हुआ। सभी ने "हरित भारत, स्वच्छ भारत" का संकल्प दोहराया और पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। "वृक्ष ही जीवन है, और स्वच्छता हमारी संस्कृति है।" इस भाव को आत्मसात करते हुए जुनेवानी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम उठाया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वर्धा में रैली, मैराथन और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन




**वर्धा.** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वर्धा में एक भव्य पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन यशवंत कॉलेज वर्धा तथा विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। "पर्यावरण बचाओ भविष्य सुरक्षित करो!" के प्रेरणादायक नारे के साथ रैली का शुभारंभ सुबह 10 बजे डॉ. बाबासाहब अंबेडकर प्रतिमा स्थल से हुआ। इस रैली में लायंस क्लब गांधी सिटी, कलास्पर्श फाउंडेशन, जिमनास्टिक फिटनेस एसोसिएशन, रोलर एथलेटिक्स एसोसिएशन, एमेच्योर हैंडबॉल एसोसिएशन, बास्केटबॉल एसोसिएशन समेत कई संगठनों ने सक्रिय भागीदारी की। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के अभिभावक भी इस मुहिम से जुड़े। रैली का समापन यशवंत कॉलेज परिसर में हुआ, जहां कलास्पर्श फाउंडेशन द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चित्रों के माध्यम से जनजागृति का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश ठाकरे ने की। इस अवसर पर लायंस क्लब गांधी सिटी के संचालक संदीप चिचाटे, अध्यक्ष आशीष पोहाणे, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार बरे, डॉ. किशोर पोफली (छत्रपति शिवाजी महाराज पुरस्कार विजेता), कैप्टन राहुल भालेकर, नितिन जाधव (जिमनास्टिक फिटनेस एसोसिएशन सचिव), जुबेर खान (रोलर एथलेटिक्स एसोसिएशन सचिव), संदीप कांबले, प्रदीप सेलुकर व धीरज गिरी जैसे गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई गई। आयोजन को सफल बनाने में किमया पोहाणे, सागर बालसराफ और आराध्या चौधरी का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन ने शहर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को नया आयाम दिया और उपस्थित नागरिकों ने भी भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

# 11 हजार कार्यकर्ताओं के साथ एनसीपी में शामिल होंगे दिलीप कुमार सानंद

**बुलढाना.**



कांग्रेस और प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप कुमार सानंद ने कांग्रेस छोड़ अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में शामिल होने का ऐलान कर दिया है। सानंद 12 जून को 11 हजार कार्यकर्ताओं के साथ अजित पवार की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि, पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि दिलीप कुमार सानंद पार्टी बदलेंगे। लेकिन आखिरकार आज खुद दिलीप कुमार सरन्ना ने ऐलान कर दिया है कि वे 12 जून को अजित पवार की मौजूदगी में 11 हजार कार्यकर्ताओं की फौज के साथ एनसीपी में शामिल होंगे।

कांग्रेस छोड़ने का ऐलान करते हुए सानंद ने कहा कि, "कांग्रेस के नेताओं के लिए उनके मन में बेहद आदर है। 40 साल कांग्रेस पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया। अल्पसंख्यक समाज का होने के बावजूद पार्टी ने मुझे सबकुछ दिया, उनका उपकार मैं चूका नहीं सकता हूँ।" उन्होंने आगे कहा, "आज कार्यकर्ता को बड़ा करना है। अजित दादा की पार्टी शाहू फुले आंबेडकर के विचारों का है। कार्यकर्ता को अब सत्ता में रहकर काम करना है। पिछले 40 साल जो लोग मेरे साथ है उनके लिए मुझे काम करना है।" इसी के साथ सानंद ने कहा कि, अजित पवार को भविष्य में मुख्यमंत्री बनाना है। इसलिए एनसीपी में शामिल हो रहा हूँ। कांग्रेस ने हर्षवर्धन सपकाल को जब से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है, बुलढाणा में कांग्रेस को झटके पर झटके लगे रहे हैं। पिछले कई दिनों में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ भाजपा, शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। वहीं अब जिले में पार्टी के वरिष्ठ नेता सानंद भी हाथ छोड़ घड़ी पहनने का ऐलान कर दिया है। यह झटका कांग्रेस का नहीं बल्कि सपकाल के लिया ज्यादा है। राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए सपकाल को अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन जिले में ही पार्टी कमजोर होती जा रही है।

# पश्चिमी विदर्भ में मिला फर्जी एचटीबीटी कपास बीजों का बड़ा भंडार

## पिछले तीन सप्ताह में विभिन्न टीमों ने 12 स्थानों पर मारे छापे



**अमरावती.** खरीफ सीजन की पृष्ठभूमि में पश्चिम विदर्भ में नकली एचटीबीटी कपास बीजों का बड़ा जखीरा पकड़ा गया है। पिछले तीन हफ्तों में विभिन्न टीमों ने 12 स्थानों पर छापेमारी कर कुल 4,429 बीजों के पैकेट और 800 किलो खुले बीज जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 62 लाख रुपये बताई जा रही है।इस मामले में भले ही एफआईआर दर्ज की गई है, लेकिन मुख्य सूत्रधार अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिससे पुलिस जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

खरीफ सीजन की पृष्ठभूमि में पश्चिमी विदर्भ में एचटीबीटी कपास के नकली बीजों का बड़ा स्टॉक मिला है। पिछले तीन सप्ताह में विभिन्न टीमों ने 12 स्थानों पर छापे मारे हैं और 4,429 पैकेट बीज और 800 किलोग्राम खुले बीज जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 62 लाख रुपये है।

हालांकि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन मुख्य मास्टरमाइंड अभी भी फरार है, जिससे पुलिस जांच पर सवाल उठ रहे हैं। इन नकली बीजों के तार गुजरात और मुख्य रूप से अहमदाबाद क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। नकली बीज गुजरात राज्य से आते हैं, तो उनके पीछे कौन है? वे पुणे में आते हैं, लेकिन उनके पीछे मुख्य मास्टरमाइंड कौन है? पुलिस असली पुलिस तक क्यों नहीं पहुंचती? पुलिस को सच्चाई का पता लगाने की जरूरत है। क्योंकि क्या यह बीज कंपनी गुजरात के किसी बड़े नेता की है? यह सवाल अमरावती जिले के सांसद बलवंत वानखड़े ने पूछा है। इसको लेकर वानखेड़े ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को पत्र लिखा है। सांसद बलवंत वानखड़े ने मांग की कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाली गुजरात की कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अमरावती पुलिस को गुजरात जाकर इस मामले की जांच करनी चाहिए।

# अकोट मंडल अधिकारी पर हमला, दो गिरफ्तार

**अकोला.** अकोट शहर के तलाठी कार्यालय में सरकारी काम निपटा रहे अकोट मंडल अधिकारी गणेश भारती पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। हमले में भारती घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अकोट शहर पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वो जब मंडल अधिकारी गणेश भारती गजानन नगर क्षेत्र में तलाठी कार्यालय में सरकारी काम निपटा रहे थे, तब मोटे बरगान निवासी सुनील अंबादास कटोरा और माधव नामदेव ताड़े कार्यालय में आए। उन्होंने भारती से उनके मामले में फैसले के लिए इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों की प्रतियां मांगी। जब भारती ने कहा कि पांच मिनट रुको, काम खत्म होने के बाद प्रतियां दूंगा, तो दोनों आरोपियों ने गुस्से में आकर उनके साथ गाली-गलौज की और लैपटॉप और दस्तावेज टेबल पर फेंक दिए। उन्होंने भारती के दोनों हाथ पकड़े और कटर से उनकी गर्दन पर वार कर उन्हें सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस संबंध में अकोट शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल का 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर सफलतापूर्वक संपन्न




### व्यक्तित्व विकास के लिए व्यक्तिगत ज्ञान अत्यंत आवश्यक: जया सतीश अंभोरे

**बोरगांव.** सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल द्वारा आयोजित 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह सत्तेश्वर सभागार, बोरगांव मेघे में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर निर्मिक ग्रामीण एवं बहुउद्देशीय संस्था की अध्यक्ष जया सतीश अंभोरे ने उद्घाटनकर्ता के रूप में कहा कि "आज की प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में बच्चों का केवल शिक्षित होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें जीवन कौशल और आत्मविकास की दिशा में भी तैयार करना जरूरी है। ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं।" कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक बांधकाम विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सतीश अंभोरे ने की। मंच पर वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र चांदेकर, अखिल भारतीय शास्त्री सामाजिक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही, प्रहार समाज जागृति संस्था के अध्यक्ष कैप्टन मोहन गुजरकर, विद्यालय की प्राचार्य प्रीति सत्यम, संचालक विजय सत्यम, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत पांडे, शिविर संयोजक संदीप जोशी और वेदांत सत्यम उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र चांदेकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कार्यशालाएं और शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मोहन गुजरकर ने शिक्षा और पाठ्येतर ज्ञान को जीवन के दो मजबूत स्तंभ बताते हुए इस तरह के आयोजनों की सराहना की। सतीश अंभोरे ने कहा कि नैतिकता आधारित शिक्षा और संस्कारों का संतुलन ही समाज को समृद्ध बना सकता है। इमरान राही ने बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानने और निखारने के लिए इस तरह के शिविरों को अत्यावश्यक बताया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्राचार्य प्रीति सत्यम ने प्रस्तुत की, संचालन श्रद्धा संत और रुचि तिवारी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन वेदांत सत्यम ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। शीतल शर्मा, शबना शेख और इंद्रपाल जोगे समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंगनघाट में 'पिंपलवन' परियोजना का शुभारंभ

### पर्यावरण संरक्षण संस्था की पहल, 50 से अधिक पेड़ लगाए गए

**हिंगनघाट.**








विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंगनघाट की पर्यावरण संरक्षण संस्था ने पिंपलगांव में "पिंपलवन" नामक एक वृक्षारोपण परियोजना की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में वड़, पीपल, आम, जांभोल, आंवला, पेरू, चीकू, सीताफल, चेरी, टेंभुर्नी सहित 50 से अधिक विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

यह पहल संस्था द्वारा पूर्व में किए गए सागरबाग और अमराई जैसे सफल वृक्षारोपण प्रकल्पों के बाद की गई है। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप जोबनपुत्र उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में प्लास्टिक मुक्त भारत की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, "2025 प्लास्टिक मुक्ति का वर्ष होना चाहिए, हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।"

इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक डॉ. प्रकाश लाहोटी, ग्रामसेवक प्रफुल इखार, और तहसील स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पूनम भुसारी भी उपस्थित रहे। डॉ. लाहोटी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं, वहीं इखार ने भविष्य में और अधिक वृक्षारोपण कार्यक्रमों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश फुटाने ने किया। अध्यक्ष आशीष भोयर ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद माथनकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय मोरे, अजय वानखेड़े, उमेश मंगरुलकर, प्रदीप गिरडे, रोहन बंसोड़ सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### पर्यावरण प्रेमी अधिकारी हेमंत पावड़े का हुआ सम्मान

*कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में एमएसइबी के कार्यकारी अभियंता हेमंत पावड़े का सत्कार किया गया। पावड़े ने पिंपलगांव उपकेंद्र परिसर में 2 एकड़ क्षेत्र में 'हेमंत वन' के रूप में वृक्षारोपण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने चिचघाट को विदर्भ का पहला 100% सौर ऊर्जा युक्त गांव बनाने के साथ-साथ पिंपलगांव उपकेंद्र को आईएसओ प्रमाणित कराया है। उनकी इस पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता के लिए संस्था ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। इस पहल से जुड़ा संदेश स्पष्ट है. प्रकृति से प्रेम ही भविष्य को सुरक्षित रखेगा।*

# लाखनी को मिलेगी जलापूर्ति और सीवरेज योजना की सौगात

**भंडारा.**



लाखनी नगर पंचायत में तेजी से बढ़ती आबादी, तेजी से हो रहे शहरीकरण और उससे उत्पन्न जलापूर्ति एवं सीवरेज प्रबंधन की समस्याओं के कारण शहर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। इस पृष्ठभूमि में विधायक डॉ. परिणय फुके ने लखनी के लिए जलापूर्ति सुधार एवं भूमिगत सीवरेज योजना के लिए सरकारी स्तर पर लगातार प्रयास किए हैं। इस मांग के संबंध में डॉ. फुके ने हाल ही में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात की और विस्तृत बयान प्रस्तुत किया। उनके बयान पर गौर करते हुए, ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को इस योजना को तत्काल मंजूरी देने का निर्देश दिया है।

वर्तमान में, लखनी शहर के कई हिस्सों में अपर्याप्त जलापूर्ति है और नागरिकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, खुले नालों में खासकर मानसून के दौरान सीवेज जमा होने के कारण स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा हो रहे हैं। इस विकट परिस्थिति को देखते हुए विधायक डॉ. फुके ने शहर के विकास के लिए इस योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस योजना के लिए आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट, बजट और अन्य सभी दस्तावेज सरकार को सौंप दिये गए हैं और उन्होंने तत्काल मंजूरी प्राप्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। इसलिए, संभावना है कि यह बहुप्रतीक्षित योजना जल्द ही लागू होगी। विधायक डॉ. फुके ने लाखनी शहर के विकास के लिए पहले ही कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने सड़क सुधार, नियमित बिजली आपूर्ति, स्कूलों और आंगनवाड़ियों का उन्नयन, स्वास्थ्य केंद्रों का आधुनिकीकरण और खेल सुविधाओं के निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ठोस काम किए हैं। जलापूर्ति और भूमिगत सीवरेज योजना उनके विकास कार्यों में एक और मूल्यवान वृद्धि होगी और इसके कारण लाखनी के लोगों में संतोष का माहौल है। नागरिक यह विश्वास व्यक्त कर रहे हैं कि सरकार के सकारात्मक रुख और विधायक डॉ. परिणय फुके के अथक प्रयासों से लाखनी शहर का समग्र विकास तेजी से होगा।

## मराठी न बोलने पर ऑटो चालक को पीटा

**मुंबई.** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव करीब आते ही मुंबई में एक बार फिर मराठी और परप्रांतीय विवाद जोर पकड़ रहा है। ताजा मामला मुंबई उपनगर के मुलुंड से सामने आया है, जहां एक उत्तर भारतीय रिक्षा चालक को मराठी भाषा में बात नहीं करने पर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए पीटा गया। हालांकि पुलिस ने बताया कि इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक, एक मराठी भाषी पैसेंजर जब रिक्षा में बैठा तो उसने रिक्षा चालक से मराठी में बात करने के लिए कहा। लेकिन चालक ने मराठी नहीं आने की बात कहते हुए बोलने से इनकार कर दिया। इस पर उसकी यात्री से तीखी बहस हो गई, इस दौरान यात्री ने चेतावनी दी कि वह इसकी जानकारी मनसे को देगा। जिस पर रिक्षा चालक ने कहा कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे उसका क्या उखाड़ लेंगे?

इस पूरी घटना का वीडियो मराठी भाषी यात्री ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने चालक का पता लगाया और उसे पकड़कर मुलुंड चेक नाका इलाके में पार्टी कार्यालय ले आए। आरोप है कि पार्टी कार्यालय में मनसे कार्यकर्ताओं ने रिक्शा चालक के साथ मारपीट की और जबरन माफी मंगवाया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष जन्मोत्सव, पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**सौंसर.**




नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित कडू कॉलोनी में नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौंसर असोसिएशन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षों का जन्मोत्सव मनाया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सौसर विकासखंड के समन्वयक अखिलेश जैन एवं अनिल बोबडे के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण स्थल की साफ-सफाई से की गई, जिसके बाद सात वर्ष पूर्व लगाए गए करंजी वृक्ष के आठवें जन्मदिवस को पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया। वृक्ष की निरंतर देखभाल और संरक्षण के प्रयासों की सराहना की गई। इसके उपरांत पारिजात के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर ने किया, जिन्होंने उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सुखदेव पाटिल, वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे, युवराज हिंगवे, केशव शांडिल, अशोक लेखर लिखारे, दशरथ कोठे, सुरेश ठाकरे, विवेक वाडेकर, नरेंद्र पाटिल, रविकांत कोठे, योगेश्वर साहनी, वेदांत कोठे, मंथन चौधरी, वेदिका कोठे समेत अनेक गणमान्य नागरिक और वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अभिनव आयोजन ने वृक्षों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक नई मिसाल पेश की।

## राज्य में फिर बारिश! > आईएमडी का अलर्ट

**ठाणे.**




राज्य में एक बार फिर बारिश के लिए मौसम अनुकूल बन गया. राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है. ठाणे में तेज हवा के साथ बारिश से मौसम सुहाना हो गया. लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है. मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी करते हुए गुरुवार (05 जून) को राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश का अनुमान लगाया था. ठाणे के भिवंडी तेज हवा के साथ बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई. रिमझिम बारिश से मौसम में ठंडापन आया और उमस से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली. सड़कों पर गाड़ियों का आवागमन थोड़ी बहुत रूकावट के साथ सामान्य रूप से जारी है. मानसून की गतिविधियों में कुछ समय की रुकावट के बाद आई थी लेकिन अब फिर से महाराष्ट्र में बारिश का दौर शुरू हो गया है. भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई, पुणे, ठाणे, नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर सहित 30 से अधिक जिलों में अगले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया था.

मौसम विभाग के मुताबिक कई क्षेत्रों में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद जताई गई है. मौसम में आए इस बदलाव का कारण उत्तरी गुजरात और उत्तरी बांग्लादेश पर चक्रवाती परिसंचरण है, जिससे वातावरण में अस्थिरता पैदा हो रही है.

अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक मानसून का प्रवाह जल्द ही फिर से बढ़ने की उम्मीद है, जिससे पूरे राज्य में बारिश का दौर जारी रहेगा. दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम से आने वाली हवाएं अधिक नमी ला रही हैं, जिससे कई हिस्सों बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है.

## छात्राओं के लिए उत्कृष्ट इंजीनियरिंग शिक्षा का केंद्र

**नागपुर.**



कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन, नागपुर की स्थापना वर्ष 2010 में महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था, पुणे के अंतर्गत प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय औद्योगिक समूह कमिंस इंडिया लिमिटेड के सहयोग से की गई थी। यह कॉलेज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और अच्छे प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए जाना जाता है। कॉलेज के पूर्व छात्र विभिन्न कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कई छात्राएं उद्यमी बन गई हैं, कुछ ने खेलों के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त की है, जबकि कुछ प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर अध्ययन कर रही हैं। यह कॉलेज इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए लड़कियों के लिए सबसे अच्छा विकल्प बन रहा है। नियमित पाठ्यक्रमों के अलावा, कॉलेज विभिन्न चैनलों के माध्यम से उभरती हुई तकनीकों से छात्राओं को परिचित कराने का प्रयास कर रहा है, जिसमें मुख्य रूप से उद्योग-अकादमिक संपर्क, प्रोजेक्ट-इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, कौशल विकास, औद्योगिक दौरे, उभरती हुई तकनीकों पर विशेषज्ञ सत्र, ऑनलाइन पाठ्यक्रम (उद्योग और एनपीटीईएल-स्वयं के माध्यम से) शामिल हैं। संस्थान ने कमिंस इंडिया लिमिटेड, एचसीएल, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, डसॉल्ट सिस्टम्स, एटलस कोप्को, इन्फोसेप्ट, डीआरडीओ-एआरडीई पुणे, टाटा टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, अडानी पावर, टाटा स्टील, हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल्स लिमिटेड (एचएएल), जेएसडब्ल्यू स्टील प्राइवेट लिमिटेड, हिंडाल्को, बजाज स्टील आदि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए एमओयू किया है। कॉलेज में एनपीटीईएल स्वयं लोकल चैप्टर प्रा. शरयु देवते (एसपीओसी) है, इस प्लेटफॉर्म के माध्यम २०१क्षेत्र और शिक्षक एआई-एल, साइबर सुरक्षा, डेटा विज्ञान, क्लाउड टिक इंजीनियरिंग एनएलपी, आईओटी, रोबोटिक्स, सीएडी-सीएएम,एफएमएस आदि रोजगारोन्मुखी क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान के कई छात्र और शिक्षक इस एनपीटीईएल-स्वयं सर्टिफिकेट कोर्स को पूरा कर चुके हैं। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा कु. आकांक्षा हजारे को एनपीटीईएल प्रेरित शिक्षार्थी श्रेणी के तहत एनपीटीईएल स्टार के रूप में सम्मानित किया गया है। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर गौरव अग्रवाल को भी लगातार दो वर्षों तक एनपीटीईएल प्रेरित शिक्षार्थी श्रेणी में एनपीटीईएल स्टार पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने डेटा साइंस विषय में एक डोमेन सर्टिफिकेट पूरा किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विभाग के प्रो. आनंद देशकर ने वायरलेस और सेलुलर संचार पर एनपीटीईएल पाठ्यक्रम परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा कु. तेजस्विनी वर्मा को एनपीटीईएल के माध्यम से आईआईएसईआर, भोपाल में इंटर्नशिप का अवसर दिया गया है और उन्हें प्रति माह 45,000 रुपये का वजीफा मिला है। प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर ने इन सभी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को बधाई दी।

## उमर अब्दुल्ला ने की पीएम की तारीफ

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने चिनाब ब्रिज के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने वह कर दिखाया जो अंग्रेज भी नहीं कर सके. चिनाब ब्रिज प्रोजेक्ट को पूरा होते हुए देखना सबका सपना था, जिसे आज पीएम मोदी ने पूरा कर दिखाया है. प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज पर तिरंगा लहराकर उद्घाटन किया. इसके बाद पीएम ने अंजी ब्रिज और कटर में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई.



सीएम उमर अब्दुल्ला ने तारीफ करते हुए कहा कि जो काम अंग्रेज न कर सके, वो काम पीएम मोदी ने पूरा कर दिखाया. उन्होंने कहा कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ तो मैं 8वीं क्लास में था. अब मैं 55 साल का हो गया हूं. इस प्रोजेक्ट से जम्मू-कश्मीर को बहुत फायदा होगा. स्थानीय लोगों को आने वाले दिनों में बहुत लाभ मिलने जा रहा है. चिनाब ब्रिज से प्रदेश के विकास में तेजी आएगी. उमर ने आगे कहा कि इसका ख्वाब कई दशकों तक देखा गया. अंग्रेजों तक ने यह सपना देखा. लेकिन, जो अंग्रेज के हाथों न पूरा हो सका वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल में संपन्न हुआ.

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इस परियोजना से राज्य के विकास में तेजी आएगी. इससे राज्य के किसानों, विशेषकर सेब का व्यापार करने वालों लोगों को बहुत फायदा होगा. अब कश्मीर में पैदा होने वाले सेब देश के अलग-अलग हिस्से में आसानी पहुंच सकेंगे, जिससे देश की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा. उन्होंने कहा कि इससे न केवल आमदनी बढ़ेगी बल्कि युवाओं को भी रोजगार मिलेगा.

## करोड़ों के मालिक की चोरी की शर्मनाक वारदात

### लड़कियों के कपड़े पहन करता था चोरी

**मुंबई.** बात एक ऐसे चोर की है, जो करोड़ों का मालिक है. इस चोर के पास मुंबई जैसे शहर में फ्लैट, बिहार में अच्छा-खासा मकान और खेती की जमीन के अलावा काफी बैंक बैलेंस भी है, लेकिन ये दौलतमंद चोर चोरी की अपनी आदत से मजबूर था. ये चोर वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाता था कि लोगों को किसी तरह का शक न हो. वो पुलिस को चकमा देने के लिए महिलाओं के कपड़े पहनकर चोरी करने जाता था. चोरी के लिए और क्या-क्या तरीके अपनाता था ये मालदार चोर और कैसे पुलिस की पकड़ में आया.

शातिर चोर बचने के लिए महिला का भेष बनाकर और सीसीटीवी कैमरे से बचने के लिए रेलवे ट्रैक का इस्तेमाल करता था. मालाड पुलिस ने सहजादे चोर के पास से सोना पिघलाने वाली मशीन, सोने-चांदी के 36 तोले गहने, महिलाओं के कपड़े सहित कैश जब्त किया है. पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी चोर कई बंगले और फ्लैट का मालिक है. काफी लंबे समय से वह ऐसे चोरी को अंजाम देता था, लेकिन अब तक पकड़ा में नहीं आया. हालांकि उसने अब तक ऐसे दर्जनों चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.

मालाड पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद शहजादे चोर को गिरफ्तार कर लिया है.आरोपी के पास से करीब 57 लाख की प्रॉपर्टी जब्त की गई है, जिसमें 16 लाख कैश बैंक मे फ्रीज किया है और 41 लाख के गहने और सामान जब्त किया गया है. अब तक इस शातिर चोर के खिलाफ 8 मामले सामने आए हैं, जबकि पहले इसकी कहीं भी गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**कामठी.**



मुस्लिम समाज के प्रमुख त्योहार बकरा ईद ईद-उल-अजहा के मद्देनज़र शुक्रवार को पुलिस प्रशासन और सर्व समाज की संयुक्त शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिमंडल पांच के उपायुक्त निकेतन कदम ने की, जिसमें विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और धर्मगुरुओं की उपस्थिति रही। बैठक में सभी ने एक स्वर में बकरीद त्योहार को शांति, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। इस दौरान त्योहार के दौरान निकलने वाली कुर्बानी, साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। ज्ञात हो कि कुसुमताई संगेवार मंगल कार्यालय में आयोजित सभा में एसीपी विशाल क्षीरसागर, नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े की उपस्थिति में डीसीपी निकेतन कदम ने सभी समाजजनों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हम सबकी साझी जिम्मेदारी है कि त्योहार को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाएं। प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा, लेकिन सभी को नियमों का पालन करना भी ज़रूरी है। सभा में पुलिस खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, शैलेश यादव, रवि सावरकर सहित शांति समिति के शाकिबुर रेहमान, सुदाम राखड़े, सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, संदीप कांबले, प्रेम शर्मा, आबिद ताजी, इरशाद कुरैशी, बंटी पिल्ले, नियाज़ सिंघानिया, अनवारूल हक़ पटेल, पंकज वर्मा, विजय कोंडुलवार, नियाज़ अहमद कुरैशी, आमिर खान, प्रदीप भोकरे, गप्पु मेथीया, सुनील खानवानी, अरशद मेंबर, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद जिशान, नितीन सहारे, केशव वैद्य, राहुल संगेवार आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 568-9 | 169-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 389-0 | 178-6 |